प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

......

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की मौजूदा सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये एक साल राज्य के आने वाले वर्षो की एक मजबूत नींव बना है। उन्होंने राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जयपुर के दादिया गांव में आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है वह राजस्थान की पानी की समस्या का स्थाई हल बनेंगी, जिससे प्रदेश का विकास होगा।

......

प्रधानमंत्री ने सड़क, ऊर्जा, रेल्वे और पानी से जुडी 46 हजार 300 करोड से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में श्री मोदी 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें 7 केंद्र सरकार की और 2 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 35 हज़ार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें 9 केंद्र सरकार की और 6 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि 17 दिसम्बर का दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने पी.के.सी.–ई.आर.सी.पी. योजना के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी भाग लिया। वहीं प्रदेश के विभिन्न इलाकों से सभा में भाग लेने के लिए बडी संख्या में लोग पंहुचे।

......

लोकसभा में आज **एक राष्ट्र एक चुनाव** से संबंधित बिल पेश करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाल ही में सरकार ने देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया है। इस कानून के बनने के बाद इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे और पंचायत जैसे स्थानीय निकाय चुनाव, आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।

......

डीग में विद्यार्थियों को फास्टफूड से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देने के लिए हर स्कूल में हैल्थ क्लब बनाया जायेगा। शिक्षा निदेशालय की ओर से '**ईट राइट इनीशिएटिव**' के तहत ये नवाचार किया जा रहा है। डीग के जिला शिक्षा अधिकारी मनोज खुराना ने बताया कि इस हैल्थ क्लब के माध्यम से बच्चों को हेल्थी टिफ़िन लाने और अपने खान–पान का ध्यान रखने के बारे में प्रेरित किया जाएगा। श्री खुराना ने कहा कि इस क्लब में कुल 15 सदस्य होंगे। सभी गतिविधियों को मॉनिटर करने के लिए हर महीने क्लब की बैठक आयोजित की जायेगी।

......

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं शीतलहर और कहीं–कहीं अतिशीतलहर दर्ज की गई है। तापमान में उतार चढाव के बीच मौसम सर्द बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे कम 1 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस तापमान करौली में दर्ज किया गया। कई स्थानों पर रात का तापमान 6 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। झुंझुनूं से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां सर्दी से जनजीवन प्रभावित है। जिले के खुले इलकों में कहीं–कहीं सुबह के समय बर्फ की हल्की परत नजर आई।

......

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

......